# सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो, आरोपी गिरफ्तार

## झुंझनू जिले में खेतड़ी थाना पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी पहले भी छेड़छाड़ के मामले में जा चुका है जेल

**खेतड़ी**,(निसं)। झुंझनू जिले में खेतडी थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल कर हवाबाजी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देसी कट्टा भी बरामद किया है।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन पर सोशल मीडिया के जरिए अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कडी नजर रखने के लिए विशेष टीम का गठन कर रखा है, जिसके तहत पुलिस को सूचना मिली कि राजेंद्र नाम का युवक पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दहशत फैलाने व हवाबाजी कर रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी तथा आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया ।

पुलिस ने साइबर तकनीक की मदद से मामले की गंभीरता से जांच की तो सामने आया कि खेतडी तहसील के रंवा गांव का रहने वाला राजेंद्र उर्फ बचिया पुत्र महिपाल सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो वायरल करने की बात सामने आई। जिस पर पुलिस ने सोमवार रात को रंवा गांव में दबिश देकर राजेंद्र उर्फ बचिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है।



**खेतड़ी थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियारों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है, जिससे कई अन्य वारदातें खुलने की संभावना है।**

सीआई ने बताया कि जिला पुलिस की ओर से अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर सोशल मीडिया पर अपराधियों के संपर्क में आने वाले युवकों की पहचान कर उनकी स्क्रीनिंग की जा रही है। अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों पर कडी नजर रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर अवैध गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी राजेंद्र उर्फ बचिया पूर्व में भी महिला के साथ छेडछाड करने के मामले में जेल जा चुका है। सीआई ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियारों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

## तापमान ऊपर, रात में सर्दी कम

- **अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले दो महीने में सर्वाधिक , रात का तापमान उच्चतम स्तर पर**

**बीकानेर**, (का.सं.)। बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। दिन का तापमान अब तीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है तो रात में भी पारा फिर दस के पार पहुंच गया है। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ ने के संकेत मिल रहे हैं। पलटकर सर्दी के फिर से आने की उम्मीद अब कम है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले दो महीने में सर्वाधिक है। वहीं रात का तापमान भी अब उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। बीती रात बीकानेर में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में रात की सर्दी भी लगभग खत्म हो गई है। आने वाले दिनों में भी रात का तापमान बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। आमतौर पर बीकानेर में सर्दी पंद्रह फरवरी तक ही होती है। अब होली का सीजन शुरू होने वाला और इस साल की सर्दी को यहीं विराम लग रहा है।

बीकानेर के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में भी तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 26.9, चूरू में 30.5, संगरिया (हनुमानगढ़ ) में 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इन जिलों में न्यूनतम तापमान चूरू में 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि शेष तीनों जिलों में दस से अधिक ही रहा। चूरू में भी आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

# अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन की टीम पर हमले के दो आरोपी पकड़े

## राजस्व कर्मचारियों ने दी थी आंदोलन की चेतावनी




**बबाई में अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार किए।**

**खेतड़ी**,(निसं)। खेतड़ी पुलिस ने बबाई में अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम पर हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि 7 फरवरी को तहसीलदार विवेक कटारिया के नेतृत्व में प्रशासन की टीम बबाई के अशोक नगर स्थित रीको के लिए आवंटित की गई भूमि में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए गई थी। इस दौरान वहां मौजूद अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम पर पथराव कर जानलेवा हमला कर दिया था।

इस दौरान हुए हमले में नायब तहसीलदार, दो पटवारी, तहसीलदार ड्राइवर तथा अन्य कर्मचारी घायल हो गए थे। इस संबंध में तहसीलदार विवेक कटारिया की ओर से छह लोगों के खिलाफ नामजद राजकार्य में बाधा डालने व जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करवाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मृदुल कच्छावा ने प्रशासनिक टीम पर हमला करने के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार के दिशा निर्देश दिए थे। पुलिस की ओर से आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। आरोपी घुमंतू जाति होने के कारण लगातार अपना स्थान बदल रहे थे।

पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि प्रशासनिक टीम पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी पपुरना की पहाडियों में छिपे हुए हैं। सूचना पर पुलिस की ओर से एक विशेष टीम का गठन किया गया और पपुरना की पहाडियों में दबिश दी गई।

इस दौरान पुलिस ने पपुरना की पहाडियों से जगदीश पुत्र सुल्तान बंजारा, सुरजाराम पुत्र बंशीधर बंजारा को गिरफ्तार किया है। सीआई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

प्रशासनिक टीम पर हमला होने के बाद राजस्व कर्मचारियों ने एसडीएम जयसिंह, तहसीलदार व डीएसपी को ज्ञापन देकर जल्द गिरफ्तारी कर कार्रवाई करने की मांग की थी।

वहीं पांच दिन में गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन कर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी।

जिस पर पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# सी.आई. से मारपीट मामले में एस.पी. का बेटा गिरफ्तार



**अजमेर के क्रिश्चयनगंज थाना प्रभारी करण सिंह के साथ मारपीट करने के मामले में जैसलमेर में तैनात पुलिस अधीक्षक भंवरसिंह नाथावत के आरोपित बेटे प्रवीण सिंह को गिरफ्तार किया।**

**अजमेर**, (कासं)। क्रिश्चयनगंज थाना प्रभारी करण सिंह के साथ मारपीट करने के मामले में जैसलमेर में तैनात पुलिस अधीक्षक भंवरसिंह नाथावत के आरोपित बेटे प्रवीण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच कर रहे एएसपी भंवर रणधीरसिंह ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। जगह जगह तलाश करने पर आरोपी पर दबाव बढ़ा। इसके बाद बुधवार को परिवार के लोग उसे कोतवाली थाने के पास लेकर आए और सूचना दी। इस पर पुलिस टीम पहुंची और उसे पकड़ कर ले आई। पूछताछ की जा रही है।

दरअसल प्रकरण 26 जनवरी का था लेकिन आईजी के निर्देश पर इसकी रिपोर्ट 29 जनवरी को दर्ज हुई।

इसकी जांच एएसपी भंवर रणधीर सिंह को सौंपी गई।

एक फरवरी को आरोपी का शादी-समारोह पुष्कर में हुआ। इसमें राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़, सहित कई विधायक भी आशीर्वाद समारोह में पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने जांच पूरी की और आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी परिवार के साथ ही बुधवार को थाने के पास पहुंचा। इसके बाद पकड़ा गया।

## नाबालिग का अपहरण

**भीलवाड़ा**, (निसं)। भीलवाड़ा शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण करने की घटना सामने आई है। यह नाबालिग लडकी घर से सब्जी लाने गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहरण का आरोप स्थानीय दो भाइयों व उसके पिता के साथ ही उदयपुर जिले के युवक पर लगा है।

साथ ही परिजनों ने नाबालिग से गैंगरेप और उसकी हत्या की आशंका भी जताई है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दी कि उसकी 13 साल की भानजी, बहन की मौत के बाद उसी के पास रह रही थी। 13 फरवरी की शाम 5 बजे भानजी घर से सब्जी लाने की कहकर गई थी जो लौटकर नहीं आई।

उसकी तलाश करने पर पता चला कि भीलवाड़ा के परवीन सांसी, उसका पिता व भाई, उदयपुर जिले के सुनील मीणा के साथ मिलीभगत कर नाबालिग भानजी का अपहरण कर ले गए।

परिवादिया ने रिपोर्ट में नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म व हत्या की आशंका जताते हुये उसका जीवन खतरे में होने की बात कही है।

परिवादिया का आरोप है कि आरोपित परवीन की पत्नी भी लगातार डरा-धमका रही है और कार्रवाई करने पर आत्महत्या कर लेने व झूंठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# जे.डी.ए. ने शिविर लगाकर आवेदकों को पट्टे बांटे



**प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत जोधपुर विकास प्राधिकरण ने शिविर आयोजित किया।**

**जोधपुर,** (का.सं.)। नवनीत कुमार आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत आयोजित शिविरों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा गुरूवार, 16 फरवरी एवं शुक्रवार, 17 फरवरी को जोन 04 के ग्राम चौखा खसरा संख्या 696, 728 व 716, 616/1, 656 व नवीन अनुमोदित खसरों हेतु चौखा रामराज नगर आवासीय योजना सेक्टर 04 के पार्क में शिविर लगाया जाएगा।

जेडीए द्वारा ग्राम सांगरिया एवं ग्राम भदवासिया डिगाड़ी सुल्तान नगर में विभिन्न खसरों हेतु दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के दौरान उपायुक्त जोन 3 रवीन्द्र कुमार एवं उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार द्वारा जोनवार कर्मचारियों सहित उपस्थित रहते हुए आमजन के 100 से अधिक आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण करते हुए पट्टों का वितरण किया गया। ग्राम भदवासिया में आयोजित शिविर उपायुक्त श्रवण कुमार सहित हनुमान सिंह खांगटा अध्यक्ष मारवाड़ राजपूत सभा एवं जनप्रतिनिधि द्वारा पट्टों का वितरण किया गया।

## पुलिसकर्मी के खिलाफ केस दर्ज

**बीदासर**, (नि.सं.)। बीदासर कस्बे के हाल वार्ड 5 घिंटालिया बास निवासी 30 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विधाधर चौधरी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना के दर्ज मामले में अभद्र व्यवहार करने के साथ डराने, धमकाने, लज्जा का अनादर करते हुए लैंगिक आभासीय टिप्पणियां कर महिला अपमान करने का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पुलिस थाने में तैनात विधाधर चौधरी नामक एक पुलिसकर्मी द्वारा पहले तो उसके ससुराल पक्ष से सांठ-गांठ करकर दहेज प्रताडना का मामला दर्ज नहीं किया।

फिर पीड़िता बीदासर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष इस्तगासा पेश किया जिस पर न्यायालय के मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए लेकिन पुलिस ने न्यायालय आदेशों की धज्जियां उडाते हुए इस्तगासे के आधार पर दहेज प्रताडना का मामला देरी से दर्ज किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि उक्त मामले में पीड़िता से रंजिश रखते हुए पुलिसकर्मी विधाधर चौधरी ने परिवादिया पर उसके ससुराल पक्ष पर कोई कार्रवाई न करवाने का दबाव बनाया तथा कार्रवाई करवाने पर धमकियां दी और पीडिता को क्षतिकारित करने के आशय से खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए तथा ससुराल पक्ष के खिलाफ बयान देने पर फोन कर विधायक के नाम से धमकी देते हुए बर्बाद करने की बात कही। मामले की जांच सांडवा थानाधिकारी हंसराज लूणा कर रहे हैं।

# भाजपा का पार्षद व दलाल दो दिन के रिमांड पर

- **दूसरी बार पार्षद बनने के बाद करोडों का माल बनाने का आरोप लगा**
- **अजमेर नगर निगम के वार्ड नम्बर 79 से पार्षद वीरेंद्र वालिया व दलाल रोशन चीता को रिश्वत के मामले में पकड़ा था**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर नगर निगम के वार्ड नम्बर 79 से भाजपा पार्षद वीरेंद्र वालिया व दलाल रोशन चीता को बीस हजार रूपये रिश्वत राशि लेते हुये गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को एसीबी ने देर शाम करीब सात बजे न्यायाधीश संदीश शर्मा के निवास पर पेश किया, जहां वालिया व दलाल रोशन चीता की ओर से वकालत नामा पेश करने वाले वरिष्ठ एडवोकेट राजेश टंडन व भरत शर्मा ने आपति जताते हुये कहा कि वालिया बीपी व शुगर के मरीज तथा उनका मेडिकल करवाया जाये ओर न्यायालय के समय पर ही कोर्ट में दोपहर तक पेश किया जाये।

एसीबी ने देर शाम न्यायाधीश संदीप शर्मा के निवास पर वालिया व दलाल चीता को पेश कर 17 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि अगर जांच सही दिशा में चलती है तो पार्षद वालिया नगर निगम के किन किन अधिकारियों के दम पर लोगों को नगर निगम की जेसीबी मंगवाकर मकान तोडने की धमकिया देता था ओर मकान बनाने वालों से 30 से चालीस हजार रूपये की मांग करते थे।

एसीबी उपाधीक्षक पारसमल ने बताया कि बीस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेने के मामले नगर निगम के पार्षद विरेन्द्र वालिया व दलाल रोशन चीता को पूछताछ के लिये दो दिन तक रिमांड पर लिया है। उन्होंने बताया कि फोन कॉल में तीसरे व्यक्ति का भी जिक्र किया जा रहा है उसके बारे में पता लगाया जायेगा तथा ओर भी शिकायते मिलती है उन पर कार्यवाही की जायेगी।

एसीबी के उपाधीक्षक पारसमल ने बताया कि वीरेन्द्र वालिया के निवास पर एसीबी को जांच के दौरान दो लाख 90 हजार रूपये की नगदी व कुछ जमीनों के दस्तावेज मिले है जिनकी जांच की जा रही है।

नगर निगम के वार्ड नम्बर 79 के भाजपा पार्षद वीरेन्द्र वालिया अब एसीबी की गिरफ्त में फंसने के बाद बुधवार देर शाम जब एसीबी न्यायाधीश शर्मा के निवास पर पेश करने पहुंचे तब घूसखोर वालिया व दलाल रोशन चीता मीडिया के कैमरों से बचने के लिये अपने मुंह छिपाते हुये नजर आ रहे थे।

पिछले बोर्ड में वालिया वार्ड 60 से पार्षद था। दूसरी बार पार्षद बनने के बाद वीरेन्द्र वालिया की किस्मत एक दम बदल गई।

## वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा संपन्न

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 बुधवार को संपन्न हुई। आयोग द्वारा इस परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी से 15 फरवरी 2023 तक 11 जिलों में कराया गया था। परीक्षा के अंतिम दिन गणित एवं अंठोजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि प्रात: 10 से 12.30 बजे तक आयोजित गणित विषय की परीक्षा में 38171 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 13209 अभ्यर्थियों द्वारा भाग लि या गया। दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक आयोजित अंठोजी विषय की परीक्षा में 19036 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7381 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलि त हुए।

# अवैध 180 नशीली गोलियां बरामद

- **देदाजी मार्केट में युवक के पास नशीली गोली मिली**

**अनूपगढ़,** (नि.सं.)। अनूपगढ़ में मादक पदार्थों की धरपकड़ करने के लिए अभियान ऑपरेशन फ्लश आउट और चक्रव्यूह चलाया जा रहा है। इसी के तहत विधानसभा की रावला मंडी में पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर खाजूवाला रोड पर देदाजी मार्केट में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 180 नशीली अवैध गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी विनोद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच अनूपगढ़ पुलिस थाने के एसआई इमरान खान को सौंप दी गई है।

एसआई नरेश कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ रावला में खाजूवाला रोड पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि खाजूवाला रोड पर देदाजी मार्केट में भारती जेंटस पार्लर के सामने एक व्यक्ति नशीली गोलियां लेकर खड़ा है। जिस कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर युवक को दबोच लिया। वहीं, युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान ट्रामाडोल साल्ट की 180 अवैध नशीली गोलियां बरामद हुई। एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मौके से आरोपी विनोद(24) पुत्र ओमप्रकाश,जाति नायक, निवासी वार्ड नंबर 3,चक 8 पीएसडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है और उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार इस मामले की जांच अनूपगढ़ के उप निरीक्षक इमरान खान के सुपुर्द की गई है।

अनूपगढ़ विधानसभा में नशा बहुत अधिक बढ़ रहा है। नशे की रोकथाम के लिए हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जा रही है मगर फिर भी नशा बेचने वाले बेखौफ नशा बेच रहे हैं।

रावला पुलिस थाने के एसआई नरेश कुमार ने आमजन से अपील की है कि बढ़ रहे नशे पर रोक लगाने के लिए आमजन पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अगर कोई भी व्यक्ति नशा बेचते हुए या करते हुए पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रभाव से पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# कॉलेज शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी, जताया रोष

- **संयुक्त निदेशक पद पर आर.ए.एस. अधिकारी लगाने की मांग पर प्रदर्शन**

**नोखा**, (नि.सं.)। कॉलेज शिक्षा में संयुक्त निदेशक के पद पर आरएएस अधिकारी की नियुक्ति करने को लेकर आज एमएलबी कॉलेज में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

एबीआरएसएम संगठन के मंत्री डॉ दिग्विजय सिंह ने बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में संयुक्त निदेशक के पद पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की नियुक्ति न केवल राज्य सरकार के अपने ही प्रावधानों के विपरीत है, अपितु न्याय की भावना के विरुद्ध भी है, इससे पदानुक्रम व अनुभव की दृष्टि से कनिष्ठ अधिकारी अपने से वरिष्ठ प्राचार्य व शिक्षक अधिकारियों को प्रशासित करेंगे। इस अवैधानिक व अनुचित निणर्य से उच्च शिक्षा में सेवारत अनुभवी शिक्षकों का मनोबल और कार्यक्षमता प्रभावित होने से राज्य का शैक्षिक पर्यावरण दुष्प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने राजस्थान सरकार से संयुक्त निदेशक पद पर लगाए गए आरएएस अधिकारी के पदस्थापन को शीघ्र निरस्त कर किसी वरिष्ठ प्राचार्य को नियुक्त करने की मांग की। प्रदर्शन में कॉलेज के शिक्षक शामिल रहे।

# ए.डी.जे. कोर्ट को स्थायी करने की मांग, यज्ञ किया

- **कपासन में ए.डी.जे . कोर्ट को स्थायी करने की मांग, न्यायिक कार्यों का बहिष्कार**

**कपासन,** (निसं)। एडीजे कोर्ट को स्थायी करने की मांग को लेकर बुधवार को तीसरे दिन वकीलों ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और कोर्ट के गेट पर धरना स्थल पर सरकार के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया। आंदोलन के कारण कोर्ट में तीसरे दिन भी सन्नाटा छाया रहा।

बजट में यहां एडीजे कोर्ट को स्थायी नहीं करने से आक्रोश व्याप्त हैं

बार एसोसिएशन की कपासन में एडीजे कोर्ट को स्थायी करने की मांग को लेकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार और धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। जिस कारण कोर्ट में तीसरे दिन भी सन्नाटा छाया हुआ हैं। स्टांप वेंडर, टाइपिस्ट आदि भी आंदोलन में सम्मिलित हैं। कोर्ट के मुख्य गेट पर धरना स्थल पर बुधवार को सरकार के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। पंडित व्यास ने विधि विधान से यज्ञ करवाया। वकीलों ने उसमें आहुतियां दी और पूर्णाहुति देकर सामूहिक रूप से आरती की। इस बीच अपनी मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और पूर्वक बजट में यहां एडीजे कोर्ट खोलने की मांग की वरिष्ठ सदस्य कृष्णचंद तुलछिया, बंसीलाल लड्ढा, बालेंद्र कोठारी, दुर्गाशंकर तिवारी, गोपाल दाधीच, बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष सुरेश सेन, मांगीलाल बेरवा,नारायणलाल जाट, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण जाट, किशनलाल जाट, भैरवशंकर गौड़ पुरुषोत्तम योगी, ठाकुरप्रसाद व्यास, भावेश झंवर, हरीश तुलछिया,कन्हैयालाल वैष्णव, संजय कुमावत, सुरेश बाफना, रामदयाल दाधीच, रघु लोहार पवन जयसवाल,कन्हैयालाल माली, निर्मल मीणा, पवन शर्मा, विजय बारेगामा आदि मौजूद रहें।

वहीं अपनी मांग को लेकर बार अध्यक्ष मोहनलाल गाडरी के साथ एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर गया हुआ हैं। जहां उन्होंने विधायक अर्जुनलाल जीनगर से मुलाकात की। विधायक जीनगर ने विधान सभा में भी कपासन में एडीजे कोर्ट स्थायी करने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना से भी प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और इस मांग को मुख्यमंत्री और कर रहें हैं। कानून मंत्री तक रखने का प्रयास भी कर रहे हैं बताया जा रहा है पिछले तीन साल से यहां एडीजे कोर्ट कैंप प्रतिमाह 6 दिन लगती हैं। गत दो साल से इस स्थायी करने की मांग की जा रही थी। और इस बजट में स्थाई करने की सभी को आशा थी लेकिन मांग पूरी नहीं होने से आक्रोश व्याप्त है।

## डॉ. पद्मजा शर्मा सदस्य बनी

**जोधपुर,** (कासं)।। राजस्थान साहित्य अकादमी , उदयपुर की ओर से अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद की महामंत्री डॉ. पद्मजा शर्मा को अकादमी की संस्था मान्यता /संबद्धता समिति की सदस्य बनाया गया है।

समिति के 13 सदस्य हैं नरेंद्र निर्मल ,डॉ आर डी सैनी ,डॉ कुलशेखर व्यास, डॉ पद्मजा शर्मा , विजय महर्षी,डॉ कृष्ण कुमार आशु, डॉ योगमाया सैनी, सुरेन्द्र सुंदरम ,पीयूष पण्ड्या, डॉ शमशाद अली खान, डॉ आदर्श किशोर और जयपुर के ओ पी टाक हैं।